चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन
कायस्थ समाज को समर्पित
कार्यालय पता : 84/51, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर-302033

जयपुर, रविवार 02 मार्च 2025 | श्री चित्रगुप्ताय नमः | वर्ष - 2 | अंक : 90 (पेज - 1)


# अभाकाम संस्था द्वारा भामाशाह सम्मान समारोह




मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान कार्यक्रम के भामाशाह - श्री अजीत सक्सैना

जयपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। अभाकाम संस्था द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्य एकल अभिभावक मेधावी छात्रों की मुफ्त शिक्षा, विधवा पेंशन व मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान आदि कार्यक्रम भामाशाहों के सहयोग से किये जाते है।

विशेष कार्यक्रमों में इन सभी भामाशाहों का सम्मान किया गया। अभाकाम संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजीत सक्सैना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रतन सक्सैना, प्रदेश महासचिव डॉ. अरूण कुमार सक्सैना, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री रवि माथुर व प्रदेश संगठन सचिव श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा सभी भामाशाहों का सम्मान किया गया है।

कार्यक्रम में भामाशाह श्री अवध बिहारी माथुर, श्री देवेन्द्र सक्सैना मधुकर, श्री प्रभात माथुर, श्री ओम हरि प्रधान, श्रीमति शोभा सक्सैना, अराधना सक्सैना, श्री आर. के सक्सैना, मधुप सक्सैना, संकेत श्रीवास्तव, श्री राजेश सक्सैना, श्री अनिल भटनागर, श्री आशिष प्रधान उपस्थित थे।

अभाकाम संस्था के अध्यक्ष श्री अजीत सक्सैना से बताया की समाज के लिए किये उत्कृष्ट कार्यों से समाज को प्रेरणा मिलती है। अभाकाम संस्था समाज हित मे ऐसे अनेको कार्यक्रम आगे भी भामाशाह के सहयोग से करती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश महासचिव डॉ. अरूण सक्सैना ने सबको धन्यवाद दिया।




मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान कार्यक्रम के भामाशाह - श्री रतन सक्सैना




मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान कार्यक्रम के भामाशाह - श्री एस के श्रीवास्तव





मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान कार्यक्रम के भामाशाह - शिहाने राधेगोविन्द माथुर




मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान कार्यक्रम के भामाशाह - श्री ओम हरि प्रधान



मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान कार्यक्रम के भामाशाह - श्री अवध बिहारी माथुर




मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान कार्यक्रम के भामाशाह - श्री देवेन्द्र सक्सैना मधुकर




शिक्षक भामाशाह - श्रीमती शोभा सक्सैना




मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान कार्यक्रम के भामाशाह - श्री आर के सक्सैना




शिक्षक भामाशाह - श्रीमती शोभा सक्सैना




शिक्षक भामाशाह - श्री सुभाष सक्सैना एवं श्रीमती ज्ञानवती सक्सैना




शिक्षक भामाशाह - डॉ. अंजु सक्सैना




मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान कार्यक्रम के भामाशाह - अराधना सक्सैना

# मुंशी प्रेमचंद साहित्य ग्रुप के इस सप्ताह के साहित्यकार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

उम्र के इस पड़ाव पर ,
अक्सर सोचती हूँ मैं .......

ज़िंदगी तू एक बार फिर अगर,
थोड़ा सा मुड़ जाये ... तो
मैं अब की और बहुत कुछ या
वो सब कुछ कर लूँ ,
जो नहीं कर पायी थी तब ।
या
जो नहीं किया है मैंने एक अर्से से ,
चल कर एक बार फिर ,
अपनी उस अलमारी को जँचा आऊ ,
जिसके ऊपर वाले खाने में भरे है ;
मेरे कुछ फ़ेन्सी ड्रेस वाले कपड़े ,
कुछ काढ़े हुए और कुछ शीशे लगे दुपट्टे ।
सहेज आऊँ, वो खेल- खिलौने
गुड़िया और मिट्टी के बर्तन ।
एक बार फिर बतियाना चाहती हूँ,
पड़ोस वाली जिज्जी दादी से ।
मिलना चाहती हूँ, हर उस शख्स से,
जिससे मिलने के हम आदी थे ।

पुराने अख़बार के नीचे दबी-छिपी पड़ी है ,
वर्षों से मेरी वो डायरी ,
जिसके पन्ने पलटते ही ,
गिर जायेंगी सूखे सुर्ख़ गुलाब कि कुछ पंखुड़ियाँ ....
सोचती हूँ ,
अब की बार बहुत अच्छे से तैयारी करूँ ,
अपने इम्तहानों की .....
ज़िंदगी के हो या स्कूलों के ।
सुनूँगी माँ की हर बात ध्यान से ,
और मानूँगी भी उनकी हर सलाह को ।
कुछ रिश्तों को फिर से सहेजूँगी , संभालूँगी ,
अच्छी सी समझ-बूझ के साथ निभा लूँगी ।
और ...........
बचपन से पचपन तक के सारे अनुभव ,
जीवन को बेहतर बनाने में लगा दूँगी ।

बबिता नागर छावड़ी



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

खो गई है अब कहां पर जिंदगी में सादगी।
और अब दिखती नहीं है बंदगी में सादगी।

दूज को दिखता जरा सा आसमां में चांद भी,
देखलो तुम भी कमर की बेबसी में सादगी।

कुछ समझ अब तक न आई मुस्कुराने की वजह,
लब हिले हल्के से देखी उस हँसी में सादगी।

बेतकल्लुफ हो गई है आज सारी नाजनीं,
अब नजर आती नहीं है दिलनशी में सादगी।

गुम हुआ शर्मो-हया का सिलसिला इस दौर में,
आजकल होती नहीं है हर किसी में सादगी।

अब तमाशे में भी देखो खूब है बेहूदगी,
ढूँढने पर भी न दिखती दिल्लगी में सादगी।

छोड़कर 'घनश्याम' लालच भज रहा भगवान को,
देखने को अब मिलेगी बस उसी में सादगी।

घनश्याम सिंह किनियां, सीकर राजस्थान



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

सबकी तो ये धरती अपनी
सबका जीवन प्यारा यारो।
एक बात मैं कहता दिल से,
कभी किसी का हक मत मारो।।

मानव सारे इक समान हैं ,
नहीं करें हम कोई अंतर।
भूख सभी को लगती जग में,
इक दिन होता सबके अंदर।।
सबके अपने सपने होते ,
सबके दुख को मिल कर टारो।
नहीं साथ है कोई लाया ,
कभी किसी का हक मत मारो।।

जिसने धन है बहुत कमाया,
सोचो इसको कैसे पाया।
झूठ कपट अरु चोरी करके,
कहते हमने खूब बचाया।।
बँटवारे में बेईमानी ,
क्या करते हो घर के तारो।
खुले हाथ जी जाना सबका,
कभी किसी का हक मत मारो ।।

मजदूरों को खून चूसते ,
नहीं उचित हैं दाम चुकाए।
रोगी होकर वो मर जाता,
उपचार नहीं हैं करवाए ।।
क्यों लाचारी है किसान की,
जीवन सबका आज संवारो।
भेद -भाव से संकट आता,
कभी किसी का हक मत मारो।।

जंगल पर जो आरी चलती,
जीव जंतु कि हत्या होती।
पीड़ा होती है धरती को ,
नदिया झरने जीवन खोती।।
प्राण वायु फिर कहाँ बचेगी,
जीते बाजी को मत हारो।
जीने का तो सबको हक है,
कभी किसी का हक मत मारो।।

शिक्षा पर अधिकार है सबका,
आवास सभी का उत्तम हो।
अवसर सबको मिले बराबर,
ऊंच नीच ना अब मध्यम हो।।
दया भाव व परोपकार हो,
वंचित को सब आज उभारो।
इतिहास हमें बतलाता है ,
कभी किसी का हक मत मारो।।

श्याम मठपाल ,उदयपुर



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

प्रेम

कोई सौदा नहीं
जो शर्तों पर खरीदा जाए
न ही कोई दस्तावेज
जिस पर मोहर लगाई जाए।

ये तो वो पहली बारिश है
जिसमें भीगकर भी
मन सूखा नहीं करता
वो आखिरी धूप है
जो शाम ढले भी
आँखों में ठहरी रहती है।

मैं तुम्हें नाम नहीं दूंगी
न बंधन की ज़ंजीर पहनूंगी
बस महसूस करूंगी
हर धड़कन में तुम्हारी सांस
हर शाम के सुरमई साए में
तुम्हारे होने की महक।

अगर प्रेम को
मंज़िल की ज़रूरत होती
तो वो प्रेम नहीं
सिर्फ़ एक यात्रा है।

मुझे कोई मंज़िल नहीं चाहिए
बस तुम्हारा संग
इस अनंत राह पर
बिना किनारे, बिना ठहराव।

रेणु शब्दमुखर



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

प्रेम

प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
उसको तक खबर न हो,
प्रेम इस तरह करना चाहिए
कि हर बात से बेखबर हो।

प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
मिलने के लिए बेसब्र हो,
प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
बिछड़ने का भी डर हो।

प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
उस पर ही नज़र हो,
प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
एहसास उसका हर पहर हो।

प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
खामोशियों का भी ज़िक्र हो,
प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
हर बात की फ़िक्र हो।

प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
नाराज़गी भी ज़हर हो,
प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
मनाने का भी असर हो।

प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
बिछोह का भी हुनर हो,
प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
दोबारा मिलने की भी लहर हो।

प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
न कोई वाक्य, न कोई शब्द,
न कोई अक्षर हो,

प्रेम इस तरह करना चाहिए कि
न कोई रदीफ, न कोई क़ाफिया,
न कोई बहर हो।

मृगनयनी शायरा,
भोपाल मध्य प्रदेश



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

तुझ तक पहुंचने की चाह

कोई मिल जाए जो तुझ तक पहुंचा दे,
मेरे शब्द, मेरी सासें तुझ तक बहा दे।
कि तू जान ले, आज भी प्रेम वहीं खड़ा है,
तेरी राहों में, तेरी बाहों में, खुद को समेटे खड़ा है।

चाहत की लौ बुझी नहीं है अब तक,
तेरी यादों में जलती रही है अब तक।
तेरे बिना ये साँसें अधूरी सी हैं,
तेरी आहट की हलचल ज़रूरी सी है।

अगर ये हवा तुझ तक कोई संदेश ले जाए,
मेरी बेचैन धड़कनों का एहसास दे जाए।
तो तू जान ले, मैं आज भी वहीं खड़ा हूँ,
तेरी दहलीज पर, तेरी एक झलक को तरसा हूँ।

– प्रेम का इंतज़ार अपनी दिकु के लिए

प्रेम ठक्कर 'दिकुप्रेमी' सूरत, गुजरात



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

'इश्क की चांदनी, भीगा भीगा सा चांद '

हर रोज़ करें हम तुम इज़हारे मोहब्बत,
इश्क की चांदनी में, हो भीगा भीगा सा चांद।
ना हो कोई गिला शिकवा, ना हो इनकार ,
इश्क की बयार हो, मन हो बाग बाग।
कभी तुम मुझे मनाओ जब हूं मैं रुठी रूठी,
कभी मैं तुम्हें मनाऊं, जब हो तुम खफ़ा खफ़ा।
कहीं दूर चांदनी में, चलों सैर करके आयें,
इश्क की चांदनी में, वो भीगा भीगा चांद देख आयें।
तुम एक फूल दो , मैं एक फूल दूं,
हर रोज़ हम तुम यूं ही वेलेंटाइन डे मनायें
कभी चांद की चांदनी में, चांद को जलायें।
भूली-बिसरी यादों में, हम तुम डूब जायें,
ना ढूंढें हम ,मौका, ना चुनना पड़े कोई दिन।
हर पल हो एक दूजे को, समर्पित जीवन की राहें।
इश्क की चांदनी में भीगा भीगा सा चांद हो।
हमारे प्यार की गवाही, यह जमाना दोहरायें,

बीना नौडियाल खंडूरी देहरादून



डॉ. मोहन तिवारी, मुंबई
चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

मर गई मानवता ह्रदय की
भर गई सोच मे दानवता
मानव मानव का बैरी बन रहा
बँटा धर्म जाति मे, रही कुटिलता

घात प्रतिघात हि उद्देश्य रहा
जीवन का अर्थ निरुद्देश्य रहा
समझा हि नहीं सत्य नर ने प्रभु का
पतन मार्ग में कुछ न कभी शेष रहा

द्रोह मे देह नहीं ,मरती रही आत्मा
कह कर भाई, कर रहे भाई का हि खात्मा
निबहे कैसे रिश्ता भाई चारे का आपस में
आपस में ही बाँट रहे जब परमात्मा

निर्णय कठोर अब लेना होगा
बदले नहीं तो अब बदलना होगा
लगाव प्रेम की भाषा बनी दीन हीन
प्रत्युत्तर मे हि अब उत्तर भी देना होगा

बजे न करतल ध्वनि एक हाथ से
हाथों से हाथों को अब धरना होगा
समझ न आये जब बंधुत्व भाव किसी को
बैर भाव के खातिर भी तब लड़ना होगा



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

अभी तो गुतगू शुरु हुई है।
यह भवसागर है ऐसा समन्दर
लगाते है गोता जिसमेंअच्छे अच्छे,
जब हाथ पांव थक जाते हैं चलते चलते।
करलो इबादत जितनी हो सके ऐ बन्दे, अभी तो गुतगू शुरु हुई है।
है शाम जिन्दगी की अभी भी बाकी, करलो इबादत जितनी हो सके ऐ बन्दे।
दिलों की दास्तान न रहे दिल में अभी तो बन्दगी शुरू हुई है।
करलो बन्दगी इतनी ऐ बन्दे मलाल नहीं रहे कोई जिन्दगी में।
अभी तो गुतगू शुरु हुई है।
ईमान न डिगे नोटों पर जहां तराजू न्याय की मिली हुई है।
संभाल लो अपने कर्मों को बन्दे अभी तो इबादत शुरु हुई है।

राजीव कुमार सक्सेना
पुणेकर

# मुंशी प्रेमचंद साहित्य ग्रुप के इस सप्ताह के साहित्यकार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## फागुन आया

शीत हरण कर लेगया मधुमास,
आ गया रंगीला फागुन मास ।
फागुन की बयार मस्तानी,
रंगों की है ऋतु दीवानी।

केसर कलि की पिचकारी,
पात -पात की गात सवारी ।
फागुन का तो अजब हाल,
सब खुश हैं जीवन गुलाल।

पत्रहीन शाखाओं पर सपने सजते,
नव कोंपलों के अब दीपक जलते।
आम्रमंजरी से अमराई महकी,
पल्लव की ओट कोयलिया कुहुकी।

टेसू के फूलों से लदी डाल,
सरसों बिछी पीली मखमली ।
फागुन हवा उड़ी चुनरिया,
गोरी चली ऊँची -नीची डगरिया।

उल्लास लिए फागुन रंग में अंग,
मिटा दे रहा अब भेदों के सब रंग।
बैरी -मित्र सब एक हुए हैं,
मिल रहे गले दिलफेंक हुए हैं ।

डॉ सुमन मेहरोत्रा
मुजफरपुर,बिहार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## हो जाता है प्यार

जब किसी की बातें.....दिल को गुदगुदाती हैं
तन्हाई में बैठ कर भी ... याद उसी की आती है

दिल मचलता है...... उससे बातें करने को
तरसती है निगाहें बस.... उसका दीदार करने को

जब बेखयाली में भी.... उसी का ख्याल आता है
हर साँस हर धड़कन में... उसी का नाम आता है

धीरे-धीरे खोने लगता है....जब दिल का करार
ऐसे ही हालातों में तो.. 'हो जाता है प्यार'

हो जाता है प्यार..चढ़ जाता है.. इश्क का खुमार
प्यार की सरगम छेड़ता है...दिल का हर एक तार

प्यार को मंजिल तब मिलती है.. श्वेता जब होता है इकरार
दोनों चलते हैं डगर इश्क की..भूल जाते हैं सब संसार

श्वेता गर्ग 'स्वाति '



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## स्नेह से भीगी तुम्हारी छुअन......!!

-------------------------------

मधुर प्रेम की सांकल बजने लगी हृदय द्वार पर
नजरें टिकी हुई हैं तुम्हारे मौन हुए भाव पर।।

कसमसाहट सी क्यों है अभी हमारे इज़हार पर
दिल ने किया कब इन्कार तुम्हारे प्यार पर।।

हाथ की कलाई पर गिठन है तुम्हारे मनुहार की
झरी जा रही कुसुम कलियां तुम्हारे व्यवहार की

छपा है हाथ हल्दी का तुम्हारा मन दीवार पर
वही संगीत बजता है उर के सितार पर।।

मैने भी लिया संकल्प अंजुरी में भरकर जल
तुम्हारे अनुबंध की भाषा गूंजती पल प्रतिपल।।

देर तक गुदगुदाती रही तुम्हारी पहली छुअन
अभी तक मुग्ध हूँ देख तुम्हारे कजरारे नयन।।

पहुँचकर सिंधु तक पूरी हुई साध नदियों की
बसी है आस मेरी किनारे साथ तेरे नदियों की।।

तुम्हारे इनकार में भी स्वीकार है मुझे भाव तेरा
तुम्हारे रोश में भी शामिल है हृदय का प्यार मेरा

तुम्हारे मौन में भी संगीत की एक झंकार है
स्नेह के आरम्भ की यही तो शुरुआत है।।

डॉ. जितेन्द्र प्रसाद माथुर



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## कहां गई हमारी भारतीय संस्कृति

बहन तेरे खुलें तन से,तेरी पुरखे भी शरमाये,
तेरी नग्नता देखी तो,तेरी माँ के नैन भर आये।
सिर्फ पैसो के खातिर,उघाडो मत अपना बदन,
हवस उन धन कुबेरों की,तुम्हें बे घर न कर जाए।

ये भारत देश की संस्कृति,बहन मन से न बिसराओ,
दिखाकर अतरगों को,बहन खुद पर न इतराओ।
ये हवशी,लालची,कुत्ते घात लगाए बैठें है ,
क्लबों मे जाम पीकरपीकर तुम,f
जस्म अपना न चिथवाओ।

हमारे देश मे यारो,ये कैसा दौर आया है,
चलन भारतीय संस्कृति,का कहां पर गया है।
बदन खोलें नई पीढ़ी,खड़ी आज मंचों पर,
वही नारी पदक जीती है,
जिसने बदन 'जिस्म' दिखाया है।

जो बदन खोलें मंचों पर,आने लगे,
पद्मश्री,पदम भूषण वे पाने लगे।
हाय यह कैसा हमारा,देश ( वतन ) हो गया,
चोर गुंडे तक,पदक ले जानें लगे।

अमन रंगेला 'अमन' सनातनी सावनेर नागपुर

विजय पी श्रीवास्तव



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## है जमीं भी वही

है जमीं भी वही आसमाँ भी वही है,
पर इस जहाँ में पहले सा इंसा नही है।

कई रूत आई और आकर चली गईं,
न है वो शीतल बयारें, मौसम भी खुशनुमा नही है ।

गाँव से आकर वो बस गया है शहर में,
वजूद का उसके कोई नामों निशान नही है।

वो उगाता जा रहा है कंक्रीट के जंगल,
संगदिलों की बस्तियों में वफा नही है।

वक्तके साथ शहरों के बदले मिजाज,
अजनबी है लोग किसी को किसी का पता नही है।



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

मन की घुप्प गहन कन्दरा में
घर कर बैठा प्रिय प्यार तेरा
अज्ञेय अगम अंधी गलियों में
उजियारा प्रिय प्यार तेरा
मन की भाषा जाने कौन विध
पढ लेता प्रिय प्यार तेरा
बिना कहे भी बात सारी
सुन लेता प्रिय प्यार तेरा

गठबन्धन का बन्धन अनुपम
सर्वोत्तम प्रिय प्यार तेरा
मुझसे ज्यादा मुझे जानता
अद्‌भुत है प्रिय प्यार तेरा
पल पल हर पल बढ़ता जाता
चिरमृत प्रिय प्यार तेरा
सदा बाँटता कोरी खुशियाँ
रोम रोम प्रिय प्यार तेरा

दूर गगन से आये हम जन
पंछी जैसे उड़ते बन बन।
इक डाल पे डाल घोंसला
बना बसेरा प्रिय प्यार तेरा।
जाने कितने हुनर जानता
जादुगर प्रिय प्यार तेरा।
मन से मन की राह ढूंढता
मनमौजी प्रिय प्यार तेरा।

अनिल कौशिक 'विश्वमित्र'

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

इस सियासत में मियाँ आबाद हो जाने के बा'द
मर गए किरदार ज़िंदाबाद हो जाने के बा'द



हम से अच्छा कौन शाइ'र था
यहाँ लेकिन जनाब
फ़िक्र-ओ-फ़न जाता रहा
उस्ताद हो जाने के बा'द

वा'दा करते थे वफ़ा जब तक परेशाँ-हाल थे
जाने क्यूँ नज़रें बदल लीं शाद हो जाने के बा'द

नागवारी है तुझे माँ बाप के अंदाज़ से
सब समझ आ जाएगा औलाद हो जाने के बा'द

इश्क़ तुम से हो गया तो क़ब्र अपनी खोद ली
और हम करते भी क्या फ़रहाद हो जाने के बा'द

क्या हमारे ख़्वाब थे दौर-ए-गुलामी में 'बिलाल'
किस तरफ़ हम चल दिये आज़ाद हो जाने के बा'द

प्रेम नारायण श्रीवास्तव



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## एक ग़ज़ल

दौर नफरतों का अब और मिटता नहीं।
रहगुज़र मेरा अब और कटता नहीं।

कोशिश बरसने की बादल करता बहुत,
मगर जोर हवाओं का कभी हटता नहीं।

कदम राहों में बढ़ाना चाहते हैं बहुत,
पर अंधेरा गलियों से कभी मिटता नहीं।

गर मैदाँ में घोड़ा उनका होता ना घायल,
वज़ीर बेशक प्यादे से कभी पिटता नहीं।

हासिल है महारत लड़ाने में पेच जिनको,
मांझा पतंग से उनका कभी कटता नहीं।

रखता है ज़मीर जिंदा जो शख़्स अपना,
जमाने से वजूद उसका मिटता नहीं।

मत कर कोशिश हकीकत छुपाने की 'राही'
नकाब झूठ का सदाकत पे टिकता नहीं।

रमेश शर्मा



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

## मुहोब्बत एक इनायत

यूँ तो हजारों लोग.... रोज़ मिल जाते हैं
पर किसी से दिल.... कहाँ मिल पाते हैं
पर जब होती है....खुदा की नज़रे इनायत
तभी मोहब्बत के फूल... खिल पाते हैं

देख कर उनको....धड़कने लगता है दिल
हर लम्हा.....उन्हीं के ख्याल आते हैं
ख्वाबों के अंजुमन में... होती है मुलाकातें
देख कर उनको ही..... सुकून पाते हैं

मोहब्बत एक इनायत है... मेरे महबूब की
उसी के सदके में.....अब सर झुकाते हैं
वो हो करीब तो...खुशियों से भर जाता है जहाँ
उसकी दूरी... एक लम्हा.....सह नहीं पाते हैं

उनकी आगोश में सिमट कर...भूल जाते हैं खुद को
जब वो अपने प्यार की बारिश....हम पर बरसाते हैं
नई उमंगों...नई तमन्नाओं से....भर जाता है दिल
हर जन्म साथ रहे.... इसी दुआ में हाथ उठ जाते हैं

सुरभि सुप्रिया

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-8-8-1994
T.O.B. :-10:10 PM
P.O.B. :-Sawai madhopur Rajasthan
Gotra :-kashyap
Height :-5' 6"
Manglik :-
Edu. :-MA History , computer accounts micro soft.excal
Job :-
F.Name :-Manoj Kumar Shrivastava
M.Name :-Mrs Mithlesh Shrivastava
Address :-Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan
Mob :- 9079838646 9694404520



SONAL SHRIVASTAVA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-22/08/1989
T.O.B. :-
P.O.B. :-
Gotra :-
Height :-5 Ft. 6
Manglik :-
Edu. :-M.A.MBA,LLB.
Job :-Deputy Manager in HDFC ERGO,Posted in Prayagraj
F.Name :-Mr.Vinod Kumar Shrivastava
M.Name :-Mrs.Rita Shrivastava
Address :-Prayagraj,U.P. Located anywhere in India*
Mob :- - 8299494892



PUNIT SHRIVASTAVA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-22 Jan 1990
T.O.B. :-12:40 am
P.O.B. :- Imphal
Gotra :- Ambastha
Height :- 5'9"
Manglik :-
Edu. :-(B.E.) from Pune University
Job :-Software Engineer Manager
Annual Salary – 44 lacs per annum
F.Name :-Mr. Ravin Kumar Sinha
M.Name :-Mrs. Poonam Vala Sinha
Address :-Hela bazar, near konhara ghat, hajipur (vaishali), bihar
Mob :- 7972472738 (mother) 9149975220 (father)



PRITESH SINHA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :- 17-10-1995
T.O.B. :- Jamshedpur ( Jharkhand)
P.O.B. :-
Gotra :- Kashyap
Height :- 5 feet 6 inches
Manglik :-
Education :- Graduaction
Job :- Business
Income :-
F'Name :- Late Sudhir Prasad Sinha
M'Name :- Mrs. Shalini Devi
Address :- Kashidih Line No. 1, Bagan No. 4, Saklchi Jamshedpur, Jharkhand
Mob : - 8651988852, 8340379835



SOURAV SINHA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-16 th Dec, 1990
T.O.B. :-03:30 PM
P.O.B. :-Agra (Uttar Pradesh)
Gotra :-Urmara
Height :-5 F 6 Inch
Manglik :-
Edu. :-MCA
Job :- Sr Software Engineer in Teleperformance Gurgaon
Income :- 15.5 LPA.
F.Name :-Mr. Rajnikant Kulshreshtha
M.Name :-Mrs. Meena Kulshreshtha
Address :-H No: 232, Patholi Fateh Pur Sikri Road, Shahganj Agra. 283105.
Mob :- 9258458981 8285673877



HIMANSHU KULSHRESHTHA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-16 October 1992
T.O.B. :-3:07 pm
P.O.B. :-Mathura, Uttar Pradesh
Gotra :-Karariwa
Height :-5 F 10 Inch
Manglik :- No
Edu. :-B.Tech (IT)
Job :-Cyber Security, Western Union, Pune
Income: 34 LPA
F.Name :-Late Shri Anil Kumar Saxena
M.Name :-Mukta Saxena
Address :-Mathura, Uttar Pradesh
Mob :- 8218367926(Mother)



VIKALP SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-30/07/1997
T.O.B. :-
P.O.B. :-Bansi (Uttar Pradesh)
Gotra :-Karariwal
Height :-6 feet 1 inches
Manglik :- No
Edu. :-M.C.A.
Job :-Software Engineer ( NEC Corporation)
F.Name :-Santosh Kumar Srivastava
M.Name :-Pushplata Srivastava
Address :-Nehrunagar, Narkatha,Post-Bansi, District- Siddharthnagar, Uttar Pradesh
Mob :- - 9554580028, 9794749102



PRASHANT SRIVASTAVA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-14/12/1996
T.O.B. :-3:45 PM
P.O.B. :-Biharsharif
Gotra :-Ambastha
Height :-5 F 5 Inch
Manglik :- No
Edu. :-MBA in Finance (BIMM, Pune) B.Com in Accounts Hons.
Job :-Oracle (Bangalore) Financial Analyst
F.Name :-Ajay Kumar
M.Name :-SimmiKumari
Address :-GayatriNiwas, Adarsh Nagar, Road No - 3, Phulwari Sharif,
Mob :- - 9006634367



AMISHA SINHA

**MARRIAGE BIO-DATA**

DOB: : 8-8-1994
BOT : 10:10 PM
POB : Sawai madhopur
Hight : 5'6".
Gotar : kashyap
Education : MA History
Father - Manoj Kumar Shrivastava
Mother -Mrs Mithlesh Shrivastava
Address- Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan.
Mobile : 9079838646, 8949354721
Only- Rajasthan MP Delhi



SONAL SHRIVASTAVA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B.:-18/10/1993
T.O.B.:-07:00 PM P.O.B.:-Jaipur
Gotra:-SikanderPuria
Height :- 5 feet 11inch Manglik :-No
Education MCom
Job :-: Tele Performance Jaipur M.C.A.
Income :-3 lac
F. Name : -MadhupSaxena
Mother Name :-Maya Saxena
Address :-DadiKaFatak, Jaipur
Mob :-9772202022



AMAN SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-15/10/1993
T.O.B. :-10.30 PM
P.O.B. :- Sawai Madhopur
Gotra :- Barseriya
Height :- 5 feet 7 inch
Manglik :- No
Education : B.Com, CA, CSA-L2
F. Name :-Mr. Ashok Saxena
M. Name :-Smt. Rekha Saxena
Address :-EB 704 , Arbana Jewels Society Near Muhana Mandi, Sanganer Road, Jaipur-302029
Mob :- 94140 45265, 94140 31740



ALANKAR SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-07-06-1993
T.O.B. :- 02:30 A.M.
P.O.B. :- Agra ( UP)
Gotra :-Parnevar
Height :-5 feet 6 inches
Manglik :- yes
Edu. :- MCA, BCA, Computer Harware & Networking
Job :- IT Computer Business
F.Name :-Sh. Suresh Chandra
M.Name :-Smt. Sadhana Srivastav
Address :- 2/1291, Kudi Bhagtasni Housing Board Sector- 2, Jodhpur
Mob :- 9950125210, 9511504179



ANUPAM SHRIVASTAV

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :- 19 Dec. 1998
T.O.B. :- 2.51 P.M.
P.O.B. :-Shivpuri (M.P.)
Gotra :-Amrotiya
Height :-5' ft. 6" inch.
Manglik :- No
Edu. :-B.B.A. & MBA in Finance and marketing from NDIIT NEW DELHI
Job :-Account ASAHI INDIA GLASS LIMITED GURUGRAM
Annual Income:- 4.10 L.P.A.
F.Name :-Mr. Manoj Saxena
M.Name :-Late Mrs. Nidhi Saxena
Address :-Gwalior M.P.
Mob :- - 8384091352



YASH SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :- 5/10/1990
T.O.B. :- 9.15am
P.O.B. :-Bikaner
Gotra :-
Height :-5.5" inch
Manglik :- No
Edu. :-B Tec (Electrical Engineering)
Job :-Data Analyst at GEDU Global Education Pvt Ltd.. Noida
F.Name :-Late sh Dinesh Kumar
M.Name :-Vandana Bhatnagar
Address :-B-3/355 Sudarshan Nagar Bikaner, Rajasthan
Mob :- - 8949903293, 9314185401



ANKIT BHATNAGAR

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :- 04-12-93
T.O.B. :-02:05 P.M.
P.O.B. :-Jaipur, Rajasthan
Gotra :- Laloriya
Height :- 5 ft. 5 inches Manglik :- NO
Education B.Tech in CS from Poornima College,Jaipur,RTU KOTA
Job :- Senior Quality Assurance Engineer in Veritas LLC,Posted Pune
Annual income:- 20 LPA
F. Name :-Adv. Rakesh Saxena
M. Name :-Mrs.Neelima Saxena
Address :-Dev Nagar,Tonk Road,Jaipur
Mob :- 95712 16971



ER.ARUSHI SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-04/10/1999
T.O.B. :-20:12 pm
P.O.B. :-Lucknow
Gotra :-
Height :-
Manglik :- No
Edu. :-B.com (Hons), M.com, B.ed
Job :-CICI Bank as a senior officer
F.Name :-SDinesh Saxena
M.Name :-Reeta Saxena
Address :-Sitapur, Uttar Pradesh
Mob :- - 9554580028, 9794749102



PRIYANKA SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :- 2_8_1986
T.O.B. :- 8.10 pm
P.O.B. :-Ajmer
Gotra :- JHAMRIYA
Height :- 5 fit 5 inch
Manglik :- No
Edu. :-PostGraduation
Job :-business construction line partner ship
F.Name :-Ashok swroop mathur
M.Name :-BEENA MATHUR
Address :-Vaishali nagar. Ajmer
Mob :- - 7976759692. 7611001658



PRASHANT SRIVASTAVA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-25 May 1999
T.O.B. :- 04:50 A.M.
P.O.B. :- Hajipur, Bihar
Gotra :-Kashyap
Height :-5 feet 0 inches
Manglik :- No
Edu. :-B. Pharm
Job :-Regulatory Affairs Specialist at Cbayexpress Corporation (Herbishh) Nodia
F.Name :-Sh. Rajesh Ranjan Verma
M.Name :-Sarita Sinha
Address :- Bharat City, Ghaziabad
Mob :- 9319973209



Arunima

# प्रहरी मंच, राजस्थान इकाई की मासिक काव्य-गोष्ठी का आयोजन

जयपुर, ( डॉ अंजु सक्सेना ) चित्रांश एक्सप्रेस । प्रहरी मंच, राजस्थान इकाई की मासिक काव्य-गोष्ठी मकाम ट्रस्ट के संस्थापक आदरणीय श्री नरेश नाज़ सर के सान्निध्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजपाल यादव राज की उपस्थिति में संपन्न हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता एवं संयोजन इकाई सचिव डॉ अंजु सक्सेना द्वारा किया गया।

माता सरस्वती की स्तुति राजस्थान इकाई अध्यक्ष डॉ.कंचना सक्सेना द्वारा की गई। डॉ अंजु ने संयोजन और संचालन को भी बखूबी निभाया। प्रहरी मंच की राष्ट्रीय सचिव सुशीला शील स्वयंसिद्धा जी की उपस्थिति ने मंच को गरिमा प्रदान करने में अत्यंत सफल रही।

काव्य गोष्ठी में फागुन और बसंत के साथ विविध विषयों एवं भावों से रचे गीत, मुक्तक, कविता और ग़ज़ल की सुमधुर काव्य रसधार बही जिसने सभी को सबरंग से सराबोर कर दिया। गोष्ठी में गणपत लाल 'उदय' विनीता लवानिया, शिवराव सिंह, सुजाता पुरोहित, कमलेश चौधरी, सीमा लोहिया, उषा शर्मा, कल्याण गुर्जर, सुशीला शर्मा, सुनीता त्रिपाठी, चंद्रलता यादव, वरुण चतुर्वेदी डॉ कंचना सक्सेना, रमाकांत सोनी सुशीला शील स्वयं सिद्धा डॉ.अंजु सक्सेना,नरेश नाज़ सर आदि ने काव्य प्रस्तुतियाँ दी। गोष्ठी में 2 घंटे तक अनवरत काव्य-गंगा प्रवाहित होती रही जिसमें डुबकी लगा काव्य प्रेमी आह्लादित होते रहे।







गोष्ठी के अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अंजु सक्सेना ने समस्त रचनाकारों को उनकी रचनाओं के लिए बधाई देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और आगामी गोष्ठी के लिए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# प्रगटोत्सव पर 123 वर्ष प्राचीन मंदिर से धूमधाम से निकलेगी भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा



मिर्जापुर, चित्रांश एक्सप्रेस। कायस्थ संगठित परिवार न्यास ( केएसपी ट्रस्ट ) के मुख्यालय मीरजापुर जनपद के स्थानीय ट्रस्टियों की बैठक वासलीगंज स्थित श्री साईं इंफोटेक पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शक्ति श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 12 अप्रैल, चैत्र पूर्णिमा को भगवान चित्रगुप्त प्रगटोत्सव पर शहर में श्री चित्रगुप्त भगवान की एक भव्य व विशाल शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।जिसमें कायस्थ महिला-पुरुषों की भारी संख्या में भागीदारी होगी।

भगवान की झांकी, ढोल - ताशा, डीजे व आतिशबाजी के साथ शहर के मध्य बरियाघाट स्थित 123 वर्ष प्राचीन श्री चित्रगुप्त मंदिर से निकलने वाली इस शोभायात्रा के स्वागत हेतु विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्वागत द्वार व जलपान की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु गठित शोभायात्रा समिति का प्रमुख पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव को बनाया गया। समिति के संयोजक के रूप में शिवम श्रीवास्तव तथा सह संयोजक के रूप में श्रीश श्रीवास्तव का चयन किया गया। साथ ही समिति का कोषाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव तथा मीडिया प्रभारी एड. शिवम श्रीवास्तव को बनाया गया। इस शोभायात्रा समिति के सदस्य के रूप में डॉ. शक्तिश्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव चित्रांश, नरेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, एड. सुधांशु श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, डॉ. पी. पी. श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, इं. रवि श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, करुणा निधान, सचिन श्रीवास्तव, अमिताभ श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव 'मोनू', एड. अंकुर श्रीवास्तव व एड. सिद्धार्थ कृष्ण का चयन किया गया।

# मशहूर जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने अंतर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव में दी राम से राष्ट्र तक पर भव्य जादुई प्रस्तुति



लखनऊ, चित्रांश एक्सप्रेस। जुपिटर हाल उस समय जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा जब मशहूर जादूगर राकेश श्रीवास्तव ने अपनी जादुई कला से खाली मंच पर श्री राम जी की भव्य झाँकी प्रस्तुत की , अवसर था अंतराष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव आयोजन का जिसमें मशहूर जादूगर ने अपना पूरा जादू कार्यक्रम राममय बना दिया । सबसे पहले खाली मंच पर जादू से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी भव्य झाँकी निकाल कर पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया , फिर एक खाली बक्से से तिरंगा और श्री राम जी का झण्डा लिए खूबसूरत लड़की प्रकट कर दर्शकों को अचंभित किया , इसके बाद आशुतोष राणा के दल की एक लड़की को मंच पर बुलाकर तलवार उसके गले के आर पार कर दी तो दर्शकों ने दांतों तले ऊंगली दबा ली , इसी दौरान जादूगर राकेश ने अपनी जादुई कला से रामायण ला दी साथ अपना लोकप्रिय आईटम हम सब एक हैं को भी श्री राम चरित मानस से जोड़ कर प्रस्तुत किया, राममय से ओत - प्रोत जादूगर राकेश की पूरी प्रस्तुति के दौरान दर्शक जय श्री राम का उद्घोष करते रहे , जादू कार्यक्रम की समाप्ति पर संस्कृति विभाग के आशुतोष जी ने श्री रामलला जी की प्रतिमा और राम नामी पीताम्बर ओढ़ाकर जादूगर राकेश श्रीवास्तव का सम्मान किया ।

# इरा कायस्थ सोशल ग्रुप द्वारा शिवरात्रि का त्यौहार मनाया




इंदौर, चित्रांश एक्सप्रेस। जिसमें महिलाओं ने शिव लीलाओ की प्रस्तुति कर शिवरात्रि के त्योहार की महिमा बताई। ग्रुप की अध्यक्ष वीना सक्सेना ने बताया कि महिलाओं ने इस अवसर पर शिव जी से संबंधित विभिन्न प्रसंगों को मंचित कर प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था रक्तबीज का वध, शांत शिव लीला का मंचन सत्या श्रीवास्तव संगीता श्रीवास्तव और डॉ कामना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। सती कथा का विवरण, सुनीता भटनागर सुमन लता श्रीवास्तव। अर्धनारीश्वर, रीता श्रीवास्तव ,शिव रावण तांडव स्त्रोत का वाचन डॉ स्वाति सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजिका थी साधना सक्सेना अर्चना सक्सेना और उषा श्रीवास्तव ।इस अवसर पर किरण भटनागर, वंदना श्रीवास्तव ,सुनीता सक्सेना, गीता श्रीवास्तव प्रतिभा श्रीवास्तव ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। आभार ग्रुप की सचिव आभा कुलीन ने माना ।

# नलिनी फाउंडेशन

## पांवडेरा गोशाला में ताजी सब्जियां की झांकी बनाकर गायों को खिलाया



चौथ का बरवाड़ा, चित्रांश एक्सप्रेस। महाशिवरात्रि पर चौथ का बरवाड़ा तहसील क्षेत्र के पांवडेरा में बुधवार को अनूठी पहल देखने को मिली। सब्जियों की झांकी सजाते हुए यहां पर श्याम सेवा गोशाला में गायों को भोज करवाया गया।

नलिनी फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं धर्म प्रेमियों ने भी भाग लिया। गायों को हरा चारा भी डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव की प्रतिमा पर दीप प्रचलित कर की गई। इसके बाद गायों का पूजन किया। यहां पर शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही फाउंडेशन के अध्यक्ष राधा गोविंद माथुर द्वारा सभी व्यवस्थाएं की गईं। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर संस्था की ओर से इस बार गायों की सेवा के लिए नवाचार किए जाने का प्रण लिया गया। यहां पर श्याम को सेवा समिति के सभी पदाधिकारी इकट्ठा हुए। ताजी सब्जियों की झांकी सजाई गई। इसके बाद गायों को इन्हें खाने के लिए छोड़ा गया।

इस अवसर पर श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष राम सिंह, समाजसेवी बसंतीलाल सैनी, श्री श्याम गोसेवा समिति के अध्यक्ष राम सिंह, कोषाध्यक्ष बाबूलाल जैन, मंत्री कमलेश कुमार पुर्विया, सदस्य भवानी शंकर चौहान, ओम प्रकाश बुंदेला, शंभू दयाल शर्मा, सुलेमान तेली, राम अवतार पटेल एवं अन्य पदाधिकारी थे।

# चित्रांश लवलेश माथुर को सम्मानित



चित्रांश एक्सप्रेस । चित्रांश लवलेश माथुर यूनिवर्सिटी ऑफ़ राजस्थान के क्रिकेट कोच नियुक्त होने पर लिजेंट क्रिकेटर विनीत सक्सेना द्वारा उनका सम्मान किया गया, ज्ञात रहे लवलेश माथुर राष्ट्रीय स्तर के पूर्व खिलाड़ी कोच है

Amit Saxena
9468957703
VOLTAS
MITSUBISHI ELECTRIC
acer
GENERAL
Haier
BOSCH
SAMSUNG
HITACHI
COOL POINT ENGINEERS
Deals in : Air Conditioners, Miccrowave LED, Refrigerator, Washing Machine
10/7, Swarn Path Crossing, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur - 302020
Phone : 0141-2786263 | E-mail : coolpointjaipur@gmail.com

# भगवान चित्रगुप्त मंदिर का सौंदयकरण कराएगा कायस्थ समाज

## माता मैहर मन्दिर में आर के सिन्हा पूर्व सांसद के स्वास्थ्य में सुधार हेतु कायस्थ समाज के किया पूजन



जौनपुर, ( एडवोकेट राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया ) चित्रांश एक्सप्रेस। कायस्थ समाज एकजुट था और एकजुट रहेगा और कायस्थों के सम्मान, उत्थान के लिए जो भी होगा ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस और जौनपुर के सभी संगठन मिलकर पूरा करेंगे उक्त विचार डॉ उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल जिलाध्यक्ष ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस जौनपुर ने अपने आवास पर आयोजित पदाधिकारी परिचय सम्मान कार्यक्रम में बोल रहे थे और कहा कि आज नई पीढ़ी को आगे आने की जरूरत है। राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद जौनपुर के जिला अध्यक्ष गिरिजेश श्रीवास्तव ने कहा कि टीम की एकजुटता से ही समाज सेवा की जा सकती हैं आज जो लोग जुड़े हैं उनका सम्मान कर सुखद की अनुभूति हो रही हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 जौनपुर के जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि सामाजिक संगठन समाज हित में कार्य करते रहेंगे।

अखिल भारतीय चित्रांश महासभा जौनपुर के जिला अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में एकत्र होने से समाज में विघटन करने वालों के मुंह पर तमाचा है अब जौनपुर कायस्थ समाज हमेशा एकजुट रहेगा।

संगत पंगत एवं कायस्थ महासभा 7235 के राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने कहा कि सभी संगठनों के नवनियुक्ति पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें हजारों लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। चित्रगुप्त सभा के महामंत्री श्यामलकांत श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि श्री चित्रगुप्त धर्मशाला रूहटा निर्माण में आप सभी आगे आए जिले का एकमात्र कायस्थ धर्मशाला है।

# चैतन्य एम सक्सेना राष्ट्रीय जीव दया पुरस्कार से सम्मानित



जयपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। जयपुर के चैतन्य ने बढ़ाया राजस्थान का मान। भारत सरकार ने पशु कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओ हेतु जीव दया पुरस्कार से किया सम्मानित। भारत सरकार द्वारा पशु कल्याण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किये जाने वाले 'जीव-जंतु कल्याण एवं सुरक्षा पुरस्कार' के तहत विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केन्द्रीय मतस्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल एवं श्री जॉर्ज कुरियन, एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं पशुपालन आयुक्त भारत सरकार डॉ. अभिजित मित्रा तथा पशुपालन मंत्रालय भारत सरकार की सचिव अलका उपाध्याय ने राजस्थान में पशु कल्याण के क्षेत्र में विगत एक दशक से भी अधिक समय से कार्यरत चैतन्य एम सक्सेना को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर राष्ट्रीय जीव दया पुरस्कार से सम्मानित किया।

# वन कवच कार्यक्रम के अंतर्गत गणपत गाँव वडोदरा में वृहत वृक्षा रोपण किया

वडोदरा, चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान एवं माननीय कयास्थ कुलगौरव डॉ अनूप श्रीवास्तव जी के दिशा निर्देश ,एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री कृष्ण कुमार श्रीवास्तव जी के कुशल नेतृत्व में वडोदरा। ठाड महिला शक्ति द्वारा वन कवच कार्यक्रम के अंतर्गत गणपत गाँव वडोदरा में वृहत वृक्षा रोपण किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में चित्रांशों ने भाग लिया चित्रांश विजय सक्सेना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में चित्रांश अतुल श्रीवास्तव श्री प्रदीप श्रीवास्तव महिला शक्तिप्रदेशाध्यक्ष श्रीमती रीता श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू सक्सेना श्रीमती मणि श्रीवास्तव श्रीमती सुगंधा सिनहा श्रीमती सारिका श्रीवास्तव श्री मति उषा सहाय श्रीमती रश्मि श्रीमती अंजलि सहित बड़ी संख्या में चित्रांशी ने इस पावन कार्य में भाग लिया ,जिसमें ग्राम वासियो ने सभी चित्रांशो का बढ़ी गर्मजोशी से स्वागत किया इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार भी व्यक्त किया ,कायस्थ महासभा द्वारा पर्यावरण के इस प्रकार की मुहिम में अपने को आगे रहने का संकल्प दोहराया।





# हर साल की भांति इस साल कांवड़ियों की सेवा





मुरादाबाद, चित्रांश एक्सप्रेस। मुरादाबाद शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर हर साल की भांति इस साल कांवड़ियों की सेवा के लिए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट द्वारा गुलाम मस्जिद के सामने कांठ रोड मुरादाबाद में केम्प लगाकर कांवड़ियों को कोल्ड ड्रिंग फ्रूटी, पानी, केले संतरे बिस्कुट की बोतल फल इत्यादि चीजों का वितरण किया गया भोलो की सेवा में अथिति के रूप में सिविल लाइंस इंचार्ज श्री मनीष सक्सेना जी रहे । प्रदीप सक्सेना, एडवोकेट राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सक्सेना, के बी सक्सेना, अनिल सक्सेना, दिलीप भटनागर, बी के सक्सेना, अरविन्द सक्सेना, शिवोतार सक्सेना, मधु सक्सेना, सन्धिया सेठ, चारु, प्रेरणा भटनागर, पम्मी सक्सेना, प्रदीप माथुर, अभय भटनागर, अजय सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।



## CONGRATULATIONS KAVYA MATHUR

Congratulations, Kavya Mathur. She has secured Merit Rank 2 in Civil Engineering in Rajasthan Technical University, Kota. Keep shining and reaching new heights, Chitransh Express Dot in


डेंगु एवं मलेरिया का प्रभावी ईलाज

HOMOEOPATHIC CHIKISTA KENDRA



Dr. B.C. Saxena
B.Sc. D.H.M.S.
(Heart & General Physician)
Mob.: 98281-59170

विशेषज्ञ :
हृदय रोग, पाइलस, अल्सर पथरी, बच्चों के रोग, स्त्री रोग

38/17, Madhyam Marg, Kiran Path, Mansarovar, Jaipur-302020
E-mail : brijesh.sexena1@gmail.com

Timing Summer : 8 -12 am 5 - 8 pm
Winter : 9 -1 am - 5 - 8 pm
Sunday Evening Closed


## अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



**स्व. श्री विनोद कुमार जौहरी**

( रिटायर्ड चीफ मेनेजर RSRTC )

शोकाकुल:

मिथलेश ( पत्नि ), आशीष जौहरी -मीनाक्षी, मनीष-माला ( पुत्र-पुत्रवधू ),
मान्या ( पोत्री ), स्पर्श-कुशाग्र ( पोत्र ), राजेन्द्र-सुमन ( भाई-भाभी ),
प्रीति-अजय सक्सैना, प्रभा-स्व.संजय सक्सैना ( बहन-बहनोई )
एवं समस्त जौहरी परिवार।
सी-12, नेताजी सुभाष नगर, टोंक रोड़, जयपुर


चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

डॉ. अरुण सक्सेना (संपादक) | रवि माथुर (सह- संपादक) | धर्मेन्द्र जौहरी (संरक्षक)

अभाकाम संस्था

अजीत सक्सैना (अध्यक्ष, अभाकाम संस्था) | रतन सक्सैना (उपाध्यक्ष, अभाकाम संस्था) | सुनील कुमार श्रीवास्तव (संगठन सचिव, अभाकाम संस्था)

शियाने राधेगोविन्द माथुर (अध्यक्ष, नलिनी फाउंडेशन) | मधुप कुमार सक्सैना (कोर्डिनेटर, अभाकाम संस्था) | शशांक माथुर (सचिव, अभाकाम संस्था)